नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

V-103

No. of Printed Pages – **7**

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा-IX) परीक्षा, 2018

लेवल – प्रथम वर्ष

विषय – स्वास्थ्य देखभाल

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – अ

सही विकल्प चुनें : (10×½ = 5)

1. चिकित्सा की ऐसी प्रणाली जिसमें जड़ी–बूटियों का दवा के रूप में उपयोग किया जाता है – (½)

(अ) आयुर्वेद (ब) यूनानी

(स) होमियोपैथी (द) प्राकृतिक चिकित्सा

2. आपातकालीन सेवाएँ ली जाती है – (½)

(अ) दुर्घटना होने पर (ब) प्राकृतिक आपदा में

(स) महामारी होने पर (द) उपरोक्त सभी में

3. असंक्रमित प्लास्टिक का अपशिष्ट व रसोई के अपशिष्ट का निपटान कौन से बैग में किया जाता है ? (½)

(अ) काला बैग (ब) पीला बैग

(स) नीला बैग (द) लाल बैग

4. लाल बैग निम्न में से किसके निपटान के लिए उपयोग नहीं किया जाता है ? (½)

(अ) दस्ताने (ब) ब्लड बैग्स

(स) ड्रेसिंग (द) कैथेटर्स

5. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 8 सहस्राब्दि विकास लक्ष्य किस वर्ष अपनाए गए ? (½)

(अ) 1998 (ब) 1999

(स) 2000 (द) 2001

6. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के अनिवार्य घटकों में शामिल नहीं है (½)

(अ) पानी की पर्याप्त आपूर्ति

(ब) बिजली की पर्याप्त आपूर्ति

(स) खाद्य की पर्याप्त आपूर्ति

(द) संक्रामक रोगों के खिलाफ टीकाकरण

7. पोलियो बीमारी है (½)

(अ) वाइरस जनित (ब) बैक्टिरिया जनित

(स) कवक जनित (द) प्रोटोजोआ जनित

8. भारत में पल्स पोलियो टीकाकरण की शुरुआत कब हुई ? (½)

(अ) 1995 (ब) 1996

(स) 1997 (द) 1998

9. पेंटा वेलेंट वैक्सिन में शामिल नहीं है (½)

(अ) डिफ्थीरिया (ब) काली खांसी

(स) टिटेनस (द) हिपेटाइटिस ए

10. संचार तत्त्वों में शामिल नहीं है (½)

(अ) प्रेषक (ब) ग्राही

(स) शोर (द) प्रतिक्रिया

खण्ड – ब

लघु उत्तरीय प्रश्न : **(20×½ = 10)**

11. ___________ क्लिनिक में विशिष्ट रोगों या शरीर के भाग के लिए उन्नत नैदानिक या उपचार सेवाएँ प्रदान की जाती है। **(½)**

12. एक पुनर्वास केन्द्र लोगों को ___________ में उनका स्थान वापस पाने में सहायता देता है। **(½)**

13. मनोसामाजिक पुनर्वास केन्द्र भौतिक पुनर्वास पर कम तथा ___________ के पुनर्वास पर अधिक केन्द्रित होते हैं। **(½)**

14. आश्रम देखभाल का फोकस रोगी को उसके ___________ तथा लक्षणों में राहत देने पर होता है। **(½)**

15. ___________ स्वास्थ्य के परीक्षण के लिए अपनाई जाने वाली आदतों का समूह है। **(½)**

16. शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन व गर्म पानी से कम से कम ___________ सेकण्ड तक हाथ धोए। **(½)**

17. ___________ देखभाल लोगों के लिए प्रथम स्तर पर उपलब्ध चिकित्सा देखभाल है। **(½)**

18. स्वास्थ्य को सम्पूर्ण ___________ मानसिक और सामाजिक कल्याण की अवस्था के रूप में परिभाषित किया गया है। (½)

19. टीकाकरण द्वारा विशिष्ट संक्रमणों के प्रति ___________ विकसित की जाती है। (½)

20. ___________ संचार में लिखित और शाब्दिक संचार शामिल है। (½)

21. क्लिनिक शब्द कौन से ग्रीक शब्द से बना है ? (½)

22. जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना तथा रोगी को वापस समुदाय में समेकित करने का कार्य कौन सा केन्द्र करता है ? (½)

23. आश्रम देखभाल किसे कहते हैं ? (½)

24. शरीर की सफाई, तैयार करना तथा रखरखाव करना क्या कहलाता है ? (½)

25. आपातकालीन पुनर्जीवन प्रदान करने का पहला सिद्धान्त क्या है ? (½)

26. बेहोश रोगी के जीवित रहने की संभावना बढ़ाने के लिए कार्यों की किस श्रृंखला का उपयोग करते हैं ? (½)

27. संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों ने सहस्राब्दि विकास लक्ष्य किस वर्ष तक पूर्ण करने की सहमति दी है ? (½)

28. टीकाकरण द्वारा किस प्रकार की प्रतिरक्षा प्राप्त होती है ? (½)

29. अमौखिक संचार के दो उदाहरण दीजिए। (½)

30. तथ्यों, विचारों, रायों, अनुभूतियों या मनोवृत्तियों का संप्रेषण और अंतःक्रिया क्या कहलाती है ? (½)

खण्ड – स

दो से चार पंक्तियों में उत्तर दीजिए : **(6×1½ = 9)**

31. एक अस्पताल के विभिन्न घटकों को लिखिए। (1½)

32. हाथ धोने की क्रियाविधि लिखिए। (1½)

33. आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया का सरल मॉडल चित्रांकित कीजिए। (1½)

34. टीकाकरण का महत्त्व लिखिए। (1½)

35. संचार चक्र बनाइए। (1½)

36. प्रभावी संचार के सात सी सिद्धान्त कौन–कौन से हैं, नाम लिखिए। (1½)

खण्ड – द

दो पृष्ठों तक में उत्तर दीजिये : **(2×3 = 6)**

37. रोगी देखभाल सहायक की विशेषताएँ विस्तार से लिखिए । **(3)**

38. व्यक्तिगत स्वच्छता से आप क्या समझते हैं ? इसका महत्त्व विस्तार से बताइए । **(3)**